आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए परामर्श जारी किया है।
- पोर्ट ब्लेयर के विज्ञान केन्द्र में कल से अवकाश शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से ए आई आधारित चैटबोट की शुरूआत की गई है।
- लिटिल अंडमान के हरमिन्दर–बे में कल से निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें सभी दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या ऐप के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी–उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों के पंजीकरण को तुरंत बंद करने को कहा गया है। आयोग ने कहा है कि चुनाव के बाद के लाभों के पंजीकरण के लिए मतदाताओं को आमंत्रित करने से लेन–देन के संबंध का आभास होता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के विज्ञान केन्द्र में कल से अवकाश शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रभारी अधिकारी डॉ. दिलिप कुमार झा ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विज्ञान केन्द्र द्वारा नवीन तरीके से विभिन्न ट्रेडों पर अवकाश शिविर आयोजित करने के लिए विज्ञान केन्द्र की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों से उन्होंने इस शिविर का अत्यधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया। विज्ञान केन्द्र के क्यूरेटर शाजन थॉमस ने बताया कि विज्ञान केन्द्र में कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध है जिसका विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने अवकाश शिविर के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर में द्वीपों के विभिन्न स्कूलों से लगभग एक सौ पचास विद्यार्थी भाग ले रहे है।

<><><><><><><>

इस वर्ष पहली जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से भी इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है और लोगों को शिक्षित करने और उनमें जागरूकता उत्पन्न करने के लिए भी कई तैयारियां की गई है। हाल ही में नए कानून मित्र नामक ए आई आधारित चैट बोट की शुरूआत की गई है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस चैट बोट की शुरूआत की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके जरिए चैट बोट को शुरू करने का उद्देश्य तीन नए कानूनों के बारे में जानने में और आसानी हो सके। दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट और सहायक पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी द्वारा इस चैटबोट को विकसित किया गया है। द्वीपसमूह में अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से ये तीसरी चैट बोट शुरू की गई है। इससे पहले इस वर्ष दो अप्रैल को इलेक्शन मित्र और नौ अप्रैल को साइबर सारथी नामक दूसरी चैट बोट शुरू की गई थी। तीन नए कानूनों के बारे में सभी पुलिस कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि द्वीपों में इन कानूनों का सही तरीके से कियान्वयन हो सके। जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पिछले चार महीनों के दौरान बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया गया। प्रमुख स्थानों पर बड़े–बड़े होर्डिंग लगाए गए और आम जनता के बीच पर्चों का वितरण भी किया गया। पुलिस ने आम जनता से ए आई चैट बोट, नए कानून मित्र सेवा का इस्तेमाल करने के लिए दिए गए लिंक पर जाने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते आज नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप दिन में दो बजे से सभी पर्यटकों, बोट संचालकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><>

जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान की ओर से लिटिल अंडमान के हरमिन्दर बे में निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की एक टीम कल से अट्ठारह मई तक लोगों को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की नशामुक्त भारत अभियान के तहत जॉगर्स पार्क में जागरूकता व फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने फिटनेस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन में फिटनेस अत्यंत ज़रूरी है। ध्यान, योग और कसरत आदि के माध्यम से लोग अपने आप को फिट रख सकते हैं। आई आर सी ए के डॉ. एम. के. माहतों ने योग और ध्यान के लाभ के बारे में जानकारी दी। विभाग की ओर से जॉगर्स पार्क में इस तरह के फिटनेस कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार और रविवार को सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे तक आयोजित किया जाता है, जिसमें आम जनता भी भाग ले सकती है।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान की गैस एजेंसी की ओर से इस माह एल पी जी वितरण के लिए संभावित सूची जारी की गई है। तीस मई तक क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग दिनों में रसोई गैस सिलेण्डरों का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने राधा रानी नाग के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की हैं। इनका कल निधन हो गया। वे तिरानबे वर्ष की थी।

<><><><><><><>

डीब्रेट में बी.टेक कार्यक्रमों के लिए मई–जून सत्र के लिए परीक्षा संभवतः बाईस मई से आरंभ हो सकती है। विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही परीक्षा पंजीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

बकाया पेपर वाले विद्यार्थियों के साथ बी.टेक के नियमित विद्यार्थी जो इस परीक्षा के लिए पात्र हैं, उन्हें अपने–अपने विभागों के संकाय प्रभारियों या अकादमिक समन्वयक या सदस्यों से परीक्षा शुल्क, पंजीकरण और अन्य जानकारियों के लिए संपर्क करने को कहा गया है।

उधर, इग्नू की पोर्ट ब्लेयर क्षेत्रीय केन्द्र में दिसम्बर दो हजार सत्रह से जून दो हजार अट्ठारह, दिसम्बर दो हजार अट्ठारह से जून दो हजार उन्नीस, दिसम्बर दो हजार उन्नीस से जून दो हजार बीस, दिसम्बर दो हजार बीस से जून दो हजार इक्कीस, दिसम्बर दो हजार इक्कीस से जून दो हजार बाईस और दिसम्बर दो हजार बाईस से जून दो हजार तेईस के दीक्षांत समारोह के मूल डिग्री प्रमाणपत्र हासिल हुए है। विद्यार्थी जिन्होंने निर्धारित शुल्क जमा किए हैं, वे कार्य दिवसों में क्षेत्रीय केन्द्र से मूल डिग्री और डिप्लोमा प्रमाणपत्र हासिल कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह के लिए पहले आवेदन नहीं किए हैं, उन्हें तुरंत ऑनलाइन मोड पर शुल्क जमा करने की सलाह दी गई है। वर्ष दो हजार तेईस जून तक डिग्री, डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरी कर चुके सफल उम्मीदवारों को क्षेत्रीय केन्द्र के कार्यालय से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अतिक्रमण पर सख्त है और आम जनता इस तरह की गतिविधियों से दूर रहे। हाल ही में नया शहर गांव में चलाए गए अभियान के दौरान करीब दो हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। इस कार्य के दौरान राजस्व विभाग के अन्य कर्मियों का भी सहयोग लिया गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर दो चार शून्य एक दो सात, दो तीन आठ आठ आठ एक एक शून्य सात शून्य या व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ आठ आठ आठ चार चार पर संपर्क करने को कहा है। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

<><><><><><><>

पद्‍म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर की जा सकती है। पद्‍म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्‍म विभूषण, पद्‍म भूषण और पद्‍मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते हैं।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

आई एन एस उत्क्रोष में विमानन बुनियादी ढ़ांचे में कई उपकरणों की स्थापना के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है—अब एयरफील्ड़ दिन और रात दोनों ऑपरेशनों को संभालने में पूरी तरह सक्षम है— द डेली टेलीग्रम्स की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित दो दिवसीय पाठ्यक्रम के सम्पन्न होने के समाचार को प्रमुखता दी है। डीब्रेट में 'प्रकल्प' दो हजार चौबीस, छात्रों की इंजीनियरिंग कौशल को प्रदर्शित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित किया है जबकि आई पी एल से जुड़े समाचारों को – द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

**<><><><><><><>**